डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 272 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 18 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया




## हरियाली अमावस्या पर रवि पुष्य योग, 24 जुलाई को मनाई जाएगी

**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। श्रावण माह की अमावस्या तिथि पर हरियाली अमावस्या मनाई जाती है। इस दिन लोग पूजा पाठ, पितृ तर्पण, दान के साथ ही पेड़-पौधे लगाते हैं और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेते हैं। इसे पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इस दिन भगवान शिव और देवी पार्वती की विशेष पूजा की जाती है। इस वर्ष हरियाली अमावस्या 24 जुलाई को मनाई जाएगी। ज्योतिषियों का कहना है कि इस बार हरियाली अमावस्या पर 25 वर्ष बाद रवि पुष्य व दुर्लभ शिववास योग सहित कई मंगलकारी योगों का संयोग बन रहा है। इस संयोग में हरियाली अमावस्या पर पूजन अति शुभकारी माना जा रहा है। सावन की अमावस्या के चलते इस दिन पितृ तर्पण भी किया जाएगा। वहीं इस शुभ अवसर पर सामाजिक संगठन भी वृहद स्तर पर पौधरोपण की तैयारी कर रहे हैं।**

श्री हरिहर धाम के पुजारी पं सुनील शुक्ला कहते हैं कि इस वर्ष हरियाली अमावस्या पर कई शुभ योग बन रहे हैं। हरियाली अमावस्या पर 25 वर्ष बाद रवि पुष्य योग, अमृतसिद्धि योग, हर्षण और शिववास योग का शुभ संयोग बन रहा है। रवि पुष्य योग दिन भर है। समापन 25 जुलाई को सुबह 05.39 बजे होगा। हर्षण योग का शुभ संयोग सुबह 09.51 बजे तक है। अमृत सिद्धि योग का योग दिन भर है और समापन 25 जुलाई को सुबह 05.39 बजे होगा। शिववास योग दिन भर रहेगा।

### पेड़ों की होगी पूजा...

हिंदू परपरा में पेड़-पौधों को भगवान के रूप में भी दर्शाया गया है। इसलिए लोग हरियाली अमावस्या के दौरान उनकी पूजा करेंगे। इस दिन पीपल के पेड़ की पूजा करने की प्रथा भी है। हरियाली अमावस्या के दिन पेड़-पौधे लगाना बहुत शुभ माना जाता है। विद्वानों का कहना है कि हरियाली अमावस्या के दिन पितरों को तर्पण देना और दान-पुण्य करना भी बहुत उपयोगी होता है। इस दिन लोग बड़ी संख्या में पौधे लगाएंगे। पं सुनील शुक्ला के मुताबिक सावन के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि की शुरुआत 24 जुलाई को देर रात 02.28 बजे से होगी। वहीं 25 जुलाई को देर रात 12.40 बजे अमावस्या तिथि का समापन होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि मान्य है। इसलिए उदयातिथि के अनुसार हरियाली अमावस्या का पर्व 24 जुलाई को मनाया जाएगा।

# पोषण आहार में रोड़ा बन रहा फेस परिवर्तन..!

## दलिया के पैकेट के लिए लगाने पड़ रहे चक्कर

**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को आंगनवाडी केंद्र से दलिया का एक पैकेट लेने के लिए दो से तीन बार चक्कर लगाना पड रहा है। कुछ महिलाओं को तो इसके बाद भी पैकेट नहीं मिल रहा है। दरअसल, मप्र में 01 जनवरी 2025 से गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण आहार देने के लिए ई-केवाईसी और फेस रिकग्निशन सिस्टम अनिवार्य कर दिया है। उन्हें आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर पोषण ट्रैकर एप पर हर हफ्ते ई-केवाईसी कराना पडता है। ऐसे में कई बार कैमरे के सामने खडे होने के बाद भी चेहरा मैच नहीं होता। हमने जब आंगनवाड़ियों में जाकर पडताल की तो पोषण आहार के लिए महिलाओं के जद्दोजहद की ये तस्वीर सामने आई। आंगनवाडी कार्यकर्ता भी इस सिस्टम को लेकर परेशान हैं वहीं, इस मामले में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया का कहना है कि ये प्रोजेक्ट केंद्र का है, इसलिए केंद्र को समस्या के बारे में बताया जा रहा है।

### शादी के बाद बदला चेहरा...

एक गर्भवती महिला आंगनवाडी केंद्र में पोषण आहार लेने पहुंचीं तो पोषण ट्रैकर एप पर चेहरा मैच ही नहीं हुआ। महिला ने बताया कि जब आधार कार्ड के लिए फोटो खिंचवाई थी, तब शादी नहीं हुई थी। मैं तब न तो बिंदी लगाती थी न ही साडी पहनती थी। अब बिंदी के साथ मांग भी भरती हूं। गर्भवती होने के बाद जब आंगनवाडी के रजिस्टर में नाम लिखा, तबसे पोषण आहार के लिए ई-केवाईसी और चेहरा मिलाने में हर हफ्ते समस्या आती है। कई बार कैमरे के सामने खडे होने के बाद भी चेहरा मैच नहीं होता। एक आंगनवाडी में बहू के लिए दलिया लेने पहुंची सास ने बताया कि दलिया के एक पैकेट के लिए आंगनवाडी कार्यकर्ता बहू को दो-दो घंटे तक बैठाए रखती हैं। कैमरे के सामने खडे रहना पडता है। जब चेहरा मैच नहीं होता तो बार-बार कहती हैं कि पलक झपकाओ। ऐसा करते हुए मेरी बहू की आंखें दर्द होने लगती हैं।अब बहू गर्भवती है। उसे कितनी बार यहां लेकर आऊं मैं खुद दलिया का पैकेट लेने आती हूं तो मुझे देने से मना कर देते हैं।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी परेशान...

कुछ आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने बताया कि कि प्रदेश में जनवरी से गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण आहार देने के लिए पोषण ट्रैकर एप में ई-केवाईसी और फेस रिकग्निशन सिस्टम से वेरिफिकेशन जरूरी किया गया है। पहले जब हम पोषण आहार देते थे तो रजिस्टर में साइन करा लेते थे। अब ऐसा नहीं है। हर बार मोबाइल में फेस कैप्चर करना जरूरी होता है। कभी गर्भवती महिला के घर का कोई सदस्य आ जाता है, तो उसे हम पोषण आहार नहीं देते। कई महिलाओं ने पतियों के नंबर रजिस्टर्ड कराए हैं। जब ओटीपी आता है तो उनके पास मोबाइल ही नहीं होता। कई तो ओटीपी नहीं बताती हैं, उन्हें लगता है कि उनके अकाउंट से पैसा निकल जाएगा।




## ट्रक पर हमला, ड्राइवर-क्लीनर के साथ मारपीट

**पिपलिया मंडी, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** महू-नीमच फोरलेन हाईवे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ट्रक को रोककर उसमें तोड़फोड़ कर दी गई और ड्राइवर व क्लीनर के साथ मारपीट की गई। मामला दर्ज कराते हुए नीमच निवासी मोहम्मद शाहिद पिता मोहम्मद हुसैन ने बताया कि वह अपने भाई वाहिद हुसैन के साथ मिलकर नीमच नगर पालिका द्वारा संचालित अम्बेडकर कॉलोनी स्लॉटर हाउस का संचालन करता है, जो पूरी तरह वैध है।

उन्होंने शिकायत में कहा कि एक ट्रक नं. यूपी 93 बीटी 4980 में भैंस और पशु चमड़ा भरकर नीमच से रवाना किया गया था। लेकिन, पिपलिया मंडी थाना क्षेत्र के समीप हाईवे पर अम्बेडकर कॉलोनी नीमच निवासी वसीम पिता हलीम और मुन्ना उर्फ मुख्तियार पिता हलीम ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ट्रक को रोक लिया। ट्रक में मौजूद चालक अर्जुन उम्र 19 वर्ष निवासी खरोज, थाना हमीदपुर, और क्लीनर जितेन्द्र उम्र 33 वर्ष निवासी बोगनीपुर कानपुर के साथ लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की गई और ट्रक में जमकर तोड़फोड़ की गई।

शिकायतकर्ता मोहम्मद शाहिद जब अपनी कार एमपी 13 जेडएफ 7992 से मौके पर पहुंचे तो उनकी कार पर भी हमला कर क्षति पहुंचाई गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने वसीम, मुन्ना और उनके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# भानपुरा में 24 घंटे में 8 इंच से ज्यादा बारिश

**✻ कई गांवों का सड़क संपर्क टूटा, लोगों के घरों में घुसा पानी ✻ रेस्क्यु टीम ने लोगों को बाहर निकाला, जनजीवन अस्त व्यस्त**

**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के अंतिम छोर भानपुरा क्षेत्र में जमकर बारिश हुई। भारी बारिश के चलते सडकें पानी में डूब गई हैं। नदी-नाले उफान पर होने से घरों में पानी घुस गया। यहां चौबीस घंटे में आठ इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की चुकी है। बारिश लगातार हो रही हैं। भानपुरा मुख्यालय से कुछ गांवों का संपर्क भी टूटा हुआ है।

भानपुरा में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात 2 बजे से मूसलाधार बारिश हो रही है। कई गांवों का सडक संपर्क टूट गया है। कई घरों में पानी घुसने से अनाज और घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा है। ओसरना और ढाबा में हालात और ज्यादा खराब हो गए। रेस्क्यु कर लोगों को घरों से बाहर निकाला गया। भानपुरा के प्रसिद्ध बड़े महादेव मंदिर स्थित झरने का बहाव भी काफी तेज हो गया है। इसके बावजूद लोग खतरे को नजरअंदाज कर झरने के पास जाकर फोटो खिंचवाने और रील बनाने में जुटे हैं। जबकि, प्रशासन ने क्षेत्र में किसी भी तरह की गतिविधि पर रोक लगा रखी है।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दस लोगों को शिफ्ट किया...

कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने गरोठ, भानपुरा क्षेत्र के वर्षा से प्रभावित क्षेत्र का मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ टीम को निर्देशित किया की लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए। आम नागरिकों की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरंतर वर्षा से मुख्य रूप से तीन ग्राम प्रभावित हुए हैं। एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय स्तर पर ग्राम ओसरना, बोरदा और ढाबा से तत्काल 2 परिवारों के 10 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। घरों में पानी घुस जाने से स्थानीय निकाय द्वारा निरंतर सहयोग कर घरों से



पानी बाहर किया गया।

### भानपुरा-गरोठ में स्कूल की छुट्टी...

भानपुरा तहसील के तीन गांवो ओसरना, ढाबा और बोरदा में घरों में पानी घुसने से प्रशासन द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाकर खाली कराया गया। गरोठ, भानपुरा क्षेत्र के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों गुरुवार का अवकाश घोषित किया गया। भानपुरा-झालावाड़ रोड पर कुणाल सागर के पास पुलिया के ऊपर दो फीट पानी बह रहा है। इस कारण ओसरना के हालात खराब है। दोनों तरफ आवागमन बंद हो गया, बसे भी नहीं निकल रही है। भानपुरा तहसील के बोरदा में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है घरों में पानी घुस गया है। आस-पास के गांव से संपर्क टूट गया है।

### भानपुरा में अब तक 30 इंच बारिश...

मंदसौर जिले में बीते 24 घंटे में 11 इंच बारिश दर्ज की गई। जिसमें आठ इंच बारिश भानपुरा में हुई है। भानपुरा में अभी तक 30 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। वहीं रात तीन बजे से बारिश का दौर क्षेत्र में जारी है।

### बड़ा महादेव जाने पर रोक...

बारिश के चलते बड़ा महादेव का झरने का रौद्र रूप नजर आया। इसके बाद प्रशासन ने यहां अलर्ट जारी कर दिया। एसडीएम राहुल चौहान ने बताया कि बड़ा महादेव झरने के क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। यहां सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। साथ ही एसडीआरएफ की टीम को भी अलर्ट किया गया है।

### इनका कहना...

ग्राम बोरदा, ढाबा और ओसरना में लोगों के घरों में पानी घुस गया था। अब पानी कम हो रहा है। स्थिति सामान्य है। दो परिवारों का रेस्क्यु कर सदस्यों निकाला भी गया है। कोई जनहानी नहीं हुई है। अन्य नुकसानी का आंकलन राजस्व विभाग कर रहा है।

**राहुल चौहान, एसडीएम**

पुलिस और प्रशासन की टीम मुस्तैद है। कंवला क्षेत्र में प्रवेश पहले ही प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसके अलावा बड़ा महादेव में पानी का बहाव बहुत तेज है। क्षेत्र को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

**अभिषेक आनंद**
**पुलिस कप्तान मंदसौर**

## सवा सौ ग्राम एमडीएमए ड्रग्स व डोडाचूरा बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु**



**एक्सप्रेस। अफजलपुर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी पर कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 130 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स, जिसकी अनुमानित कीमत 13 लाख रुपये है तथा 01 किलो डोडाचूरा जब्त किया गया।**

अफजलपुर थाना प्रभारी उनि. शैलेन्द्र सिंह कनेश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबीर सूचना पर दलौदा-बिलात्री आम रोड यात्री प्रतीक्षालय, अफजलपुर पर नाकाबंदी कर बजाज पल्सर मोटरसाइकिल आरजे 35 एस जे 9200 पर सवार दो युवक सिकंदर पिता दिलावर खान पठान उम्र 27 वर्ष और परवेज पिता नासिर खान पठान उम्र 21 वर्ष, दोनों निवासी मस्जिद के पास भावगढ को पकड़ा।

दोनों तस्करों के खिलाफ थाना अफजलपुर में अपराध धारा 8, 15, 22, 29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रारंभिक पूछताछ में अन्य दो तस्करों की संलिप्तता उजागर होने पर उन्हें भी नामजद किया गया है। पुलिस ने इस मामले में कुल 13.52 लाख कीमत का अवैध मादक पदार्थ और वाहन बरामद किया। इस कार्रवाई में सउनि सुरेश कुमार निनामा, प्र.आर. धीरेन्द्र सिंह, तेजकरण, अरुण शर्मा, पंकज, मनीष, विजय सिंह और बाबूलाल खराड़ी की सराहनीय भूमिका रही।



## बाइस क्विंटल चंदन के साथ दो जन गिरफ्तार

### ट्रैक्टर से हो रही थी साढ़े चार करोड़ रुपये कीमती चंदन की तस्करी

**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया मंडी पुलिस ने साढ़े चार करोड़ रुपये कीमत का लाल चंदन जब्त किया है। ट्रैक्टर से चंदन तस्करी की जा रही थी। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान महू नीमच राजमार्ग पर वाहन चैकिंग के दौरान आयशर ट्रेक्टर एमपी 44 एबी 7371 को रोका गया। तलाशी लेने पर उसमें लाल अर्थात रक्त चंदन मिला। जिसका कुल बजन दो हजार 260 किलोग्राम है। इसकी अंतराष्ट्रीय कीमत करीब 4.5 करोड रुपये है। मामले में आरोपी यतिन्द्र पिता विष्णुलाल राठोर निवासी सरगरा उम्र 34 वर्ष एवं अजय पिता श्यामलाल जाति भील उम्र 19 वर्ष निवासी दलपतपुरा थाना जीरन को गिरफ्तार किया गया है। वहीं अन्य आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजु भाई उर्फ सलीम भाई पिता सालीग्राम पाटीदार निवासी गोगरपुरा की तलाश की जा रही है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी हैं।

### युवक को पीटा, पिता-पुत्र सहित 4 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र सहित 4 के खिलाफ केस दर्ज किया। पिपलियामंडी चौपाटी स्थित खुशी यातायात के संचालक महेन्द्र पिता देवीलाल गुर्जर ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रोड़ के राजा स्थान के पास नाहरसिंह व उसका बेटा धर्मेन्द्रसिंह दोनों ने मुझे रोका, उसके साथ दो अन्य व्यक्ति भी थे। मुझसे बोला कि ज्यादा तेज चलता है। चारों ने गाली-गलौज की व लात-घुसों, डंडों से पीटा, जिससे कंधे पीठ पर चोंट आई। पुलिस ने चारों पर केस दर्ज किया।

## शिक्षक की शर्मनाक हरकत:भारत माता की तस्वीर फोड़ी, जलाई, कुरान पढ़ने का दबाव

**✻ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जैल भेजा**
**✻ शिक्षा विभाग ने निलंबित किया, अब मुख्यालय उज्जैन विकासखण्ड रहेगा**

**उज्जैन, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। जिले के महिदपुर तहसील के झारडा थाना अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय नागपुरा के माध्यमिकशिक्षकशकील एहमद नागौरी ने कक्षा में बच्चों के सामने भारत माता की तस्वीर को जलाया और बच्चों को कुरान पढने के लिए सीख दी। यही नहीं बच्चों को खाने की सामग्री भी चाट कर देने जैसा कृत्य किया है। पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्टने उन्हें जेल भेज दिया।**

उज्जैन जिले में एक सरकारी स्कूल के शिक्षक पर भारत माता और देवी-देवताओं की तस्वीरें जलाने और छात्रों पर धार्मिक दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगा है। यह मामला उज्जैन के झारड़ा थाना क्षेत्र स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय नागपुरा का है, जहां पदस्थ शिक्षक शकील की हरकतों से इलाके में तनाव फैल गया है। झारडा थाना प्रभारी आनंद भाबोर के अनुसार फरियादी रोहित राठौर ने थाने में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई है। रोहित ने बताया कि उसका चचेरा भाई स्कूल में ही कक्षा 6 में पढ़ता है। उसने 16 जुलाई की सुबह स्कूल जाते समय बताया कि 11 जुलाई को शाम 4 बजे छुट्टी के बाद शिक्षक शकील मोहम्मद नागोरी ने उनके सामने भारत माता की तस्वीर जलाई और फिर सरस्वती, गणेश जी और अन्य महापुरुषों की तस्वीरें भी तोड़ीं। साथ ही धमकी दी कि अगर किसी को यह बात बताई तो उन्हें जान से मार देंगे। विद्यार्थी ने यह भी बताया कि क्लास में पढ़ाते समय सर उन्हें कुरान पढ़ने और नमाज़ पढ़ना सिखाने को कहते हैं। रोहित राठौर अपने दोस्त लालचंद विश्वकर्मा के साथ स्कूल गए, जहाँ उन्हें स्कूल के सामने अधजली भारत माता की तस्वीर मिली, जिसे उन्होंने स्कूल की छात्रा को दे दिया। बाहर खड़े विद्यार्थियों ने भी शकील मोहम्मद नागोरी द्वारा भारत माता, माँ सरस्वती और गणेश जी की तस्वीरें तोड़ने व जलाने की पुष्टि की। विद्यार्थियों ने यह भी बताया कि आरोपी शिक्षक उनके माता-पिता के प्रति भी अपमानजनक बातें करता था और परंपरागत धार्मिक मूल्यों के खिलाफ टिप्पणियां करता था। झारडा थाना प्रभारी आनंद भाबोर के अनुसार घटना 11 जुलाई को स्कूल में हुई थी। डरे सहमें बच्चों ने बाद में इसकी जानकारी परिजनों को दी और बुधवार को रोहित राठौर की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया। माध्यमिक शिक्षक शकील एहमद को पुलिस ने धार्मिक भावना आहत करने ,बीएनएनएस की धारा 298,351 (3) में गिरफ्तार किया है। एडीपीओ मिडिया सेल प्रभारी कुलदीप भदौरिया के अनुसार गुरूवार दोपहर में पुलिस ने आरोपी शिक्षक को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए। जिला शिक्षा विभाग सहायक संचालक गिरीश तिवारी के अनुसार महिदपुर विकासखण्ड के शामावि नागपुरा... शेष पेज 4 पर

# एसआरएम अस्पताल पर तय समय से पहले ही चली सरकारी जेसीबी..!

## अस्पताल के कर्मचारियों ने की नारेबाजी, कलेक्टोरेट पहुंच की शिकायत





**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के अधिकांश नर्सिंग होम और बड़े-बड़े भवन एमओएस के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। कईयों को एक से अधिक बार नोटिस भी नपा ने जारी किए। लेकिन, कार्रवाई नहीं हुई। इस बार नई आबादी गुरुद्वारा रोड स्थित एसआरएम हॉस्पिटल पर नोटिस की चौबीस घंटे की अवधि पूरी होने से पहले ही नपा का अमला पुलिस और राजस्व की टीम के साथ पहुंच गया। एमओएस पर किये गए पक्के निर्माण पर सरकारी जेसीबी चल गई। इसके विरोध में अस्पताल के कर्मचारी पैदल कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान नपा के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी शिकायत भी दर्ज कराई। अब सवाल यह है कि अन्य नर्सिंग होम्स या बड़े भवनों पर कार्रवाई कब होगी, जो एमएओएस के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं?

नियमों की धज्जियां उड़ा रहे नर्सिंग होम संचालकों पर लंबे समय से नपा का वरदहस्त है। ताजा मामला नई आबादी गुरु द्वारा रोड स्थित राम मोहन हॉस्पिटल का है। यहां बुधवार को सीएमओ अनिता चाकोटिया अमले के साथ पहुंची। चौबीस घंटे में पार्किंग व्यवस्था करने का अल्टीमेटम भी दिया। इसके बाद गुरुवार सुबह पुलिस और राजस्व के अमले के साथ नगरपालिका की टीम अस्पताल पहुंची। यहां जेसीबी से एमओएस के स्थान पर बने निर्माण को तोड़ा गया। अस्पताल के कर्मचारियों ने इसको लेकर विरोध दर्ज कराया। पैदल कलेक्टोरेट के लिए निकल गए। महावीर मार्ग तिराहे पर प्रदर्शन कर नगरपालिका के खिलाफ नारेबाजी भी की। उनका कहना था कि अन्य जगहों पर भी अतिक्रमण है। वहां नगरपालिका कार्रवाई नहीं कर रही। कर्मचारियों ने कहा कि शहर के हर अस्पताल में पार्किंग की समस्या है। कई जगह तो मरीजों के वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। लेकिन, कार्रवाई राम मोहन अस्पताल पर करना भेदभाव और दुर्भावना से प्रेरित प्रतित होती है।

### रहवासियों ने की थी शिकायत...

अस्पताल के कारण स्थानीय रहवासी ज्यादा परेशान है। नर्सिंग होम संचालक ने एमओएस छोडने की बजाय वहां पक्का निर्माण करवा लिया। जिससे वाहन नर्सिंग होम के सामने बीच सडक़ पर मरीज के परिजन खड़े कर रहे हैं। इसके अलावा लोगों के घरों के बाहर वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जिससे लोगों को अपने घर से निकलने में ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में रहवासियों ने कई बार नगरपालिका में शिकायत की। सीएम हेल्पलाईन में भी शिकायत की गई। इसके अलावा क्षेत्रीय पार्षद और सभापति निलेश जैन तक ने इस मामले में शिकायत कर अधिकारियों को कई बार अवगत कराया।



# किसानों, व्यापारियों को प्रेरित कर ई-मण्डी प्रारंभ करवाएं-चंद्रा

**सभी पात्र किसानों का जे.फार्म एप पर 31 अगस्त तक पंजीयन करवाएं, कलेक्टर ने एपीसी समूह विभागों की बैठक में की विभागीय प्रगति की समीक्षा**

**नीमच, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मण्डी नीमच में किसानों और सभी व्यापारियों को प्रेरित कर ई-मण्डी योजना के तहत कार्य प्रारंभ करवाएं। ई-मण्डी योजना के तहत कार्य सुविधा की दृष्टि से ओर भी आवश्यक मानव संसाधन आउट सोर्स के माध्यम से उपलब्ध करवाकर, ई-मण्डी प्रारंभ करवाएं। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में एपीसी समूह विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा करते हुए दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, उप संचालक कृषि श्री पीएसपटेल, उप संचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार, उप संचालक उद्यानिकी श्री अतरसिह कन्नौजी, सहायकग आयुक्त सहकारिता श्री राजू डाबर, सहायक संचालक मत्स्य श्री देवशाह इनवाती व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्मल खाद्य उन्नयन योजना के तहत इस साल 210 हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए प्रकरण तैयार करवाकर बैंकों को प्रस्तुत करने के निर्देश उद्यानिकी विभाग को दिए। उन्होने अगस्त 2025 तक 50 प्रकरणों में स्वीकृति जारी करवाकर, हितग्राहियों को लाभ पत्र वितरित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग के मैदानी अमले के माध्यम से सभी पात्र किसानों एवं उनके कृषि यंत्रों का जे.फार्म एप पर पंजीयन करवाने के भी निर्देश दिए। पशुपालन विभाग के के.सी.सी. कार्य की प्रगति की समीक्षा में कलेक्टर ने गांवों में विशेष शिविर आयोजित कर शेष सभी पशुपालकों के के.सी.सी. बनवाने, इस कार्य में पंचायत सचिवों का भी सहयोग लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पशुओं में नस्ल सुधार के लिए 30 हजार पशुओं में सेक्स सार्टेक सीमन करवाने के निर्देश भी पशुपालन विभाग को दिए। मत्स् पालन विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने मोरवन डेम में 200 कैज लगवाने के लिए हितग्राहियों का चयन करने, बायोफ्लॉक निर्माण का लक्ष्य पूर्ण करने और सभी 8 स्मार्ट फिश पार्लर का निर्माण कार्य भी तेजी से पूरा करवाने के निर्देश सहायक संचालक मत्स्य को दिए।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नपा मंदसौर को मिला 65वां स्थान

**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या वाले शहरों में मंदसौर नगर को राष्ट्रीय स्तर पर 65वां स्थान प्राप्त हुआ है। मंदसौर नगरपालिका ने स्वच्छता सर्वेक्षण में ओडीएफ प्लस प्लस की श्रेणी पुन: प्राप्त की है साथ क्लीननेस ऑफ वॉटर बॉडी अर्थात जल संरचना, रहवासी क्षेत्र, व्यावसायिक क्षेत्र, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन आदि में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। नागरिकों के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में दिये गये सकारात्मक फीडबैक के आधार पर नगर पालिका मंदसौर को पूरे भारत के शहरों में से 65वां स्थान प्राप्त किया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में हुई स्वच्छता गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है लेकिन सीवरेज नेटवर्क एवं एसटीपी प्लांट नहीं होने के कारण मंदसौर नगर को आशा के अनुरूप अंक नहीं मिल पाये है। मंदसौर नगरपालिका को 65वें स्थान पर आने में सफलता मिली है। मंदसौर नगर के नागरिकों ने स्वच्छता सर्वेक्षण में जो सहयोग किया है। उसके लिये स्वच्छता समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवान, सीएमओ श्रीमती अनिता चाकोटिया ने नगर के नागरिकों का आभार व्यक्त किया है।

# देवी अहिल्या बाई के नाम पर होगा नव निर्मित काम्पलेक्स का नाम, मूर्ति भी लगेगी

**धनगर गायरी समाज ने माना परिषद का आभार, फूल माला पहनाकर व साफा बांधकर किया सम्मान**

**मनासा, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद द्वारा रानी लक्ष्मीबाई चौराहे पर तीन मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य चल रहा हैं जिसका नाम लोकमाता देवी अहिल्या रखा जाएगा श्र चौराहे पर उनकी मूर्ति भी लगेगीश्र परिषद की बैठक मे इसका प्रस्ताव भी पास हो गया है. इस पर धनगर गायरी समाज का प्रतिनिधि मंडल नगर परिषद पहुंचा और अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी, उपाध्यक्ष किशोर जोलान्या और पार्षदगण सहित परिषद का आभार माना समाजजनो ने श्री तिवारी का साफा बांधकर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया उपस्थित पार्षद प्रवीण जोनवाल का भी सम्मान कियाश्र



धनगर गायरी समाज द्वारा लोकमाता देवी अहिल्या बाई की जयंती पर मनासा मे आयोजित कार्यक्रम मे विधायक अनिरुद्ध (माधव) की उपस्थिति मे काम्पलेक्स का नाम अहिल्या बाई के नाम पर रखने की घोषणा की गई थी जिसका प्रस्ताव भी नगर परिषद की बैठक में पिछले दिनों मंजूर हो गया हैं। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी ने कहा पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी भारतीय इतिहास की उन विलक्षण विभूतियों में से हैं, जिन्होंने धर्म, सेवा, न्याय और जनकल्याण को अपने सुशासन का मूल मंत्र बनाया। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने जिस धैर्य, निष्ठा और आत्मबल के साथ राज्य की बागडोर संभाली वह नारी नेतृत्व की एक आदर्श मिसाल है। उनका जीवनचरित, भारत की महान सांस्कृतिक विरासत को नारी चेतना और सेवा भाव के साथ जोड़ते हुए नई पीढ़ी को संस्कारित करने हेतु हमे प्रेरित करता हैं। आर एल चौराहे पर लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की मूर्ति लगाई जाएगी और नव निर्मित शॉपिंग काम्पलेक्स भी उनके नाम पर रखा जाएगा परिषद की बैठक मे सर्व सम्मिति से प्रस्ताव भी पास हो गया है। इस अवसर पर बंशीलाल धनगर, महासभा जिला अध्यक्ष किशोर धनकर, सूर्य युवा महासभा जिला अध्यक्ष प्रभु लाल धनगर, हंसराज धनगर, दिलीप धनगर, गोपाल धनगर सरपंच, भक्तिराम धनगर, रतनलाल धनगर, मोहनलाल धनगर,रमेश दसानी, दिनेश धनगर, विनोद धनगर आदि उपस्थित थे।

# मप्र सराफा एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी में जिले के पांच व्यापारियों को मिला स्थान

**अजय सोनी कॉलोनाईजर, अजय बाकलीवाल, उमेश पारिख, अशोक सोनी, अर्जुन सोनी बनाये गये प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य**

**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव श्री देवीलाल सोनी आगर ने प्रदेश के अध्यक्ष श्री राजा सर्राफ जबलपुर, प्रदेश संरक्षक झमक भरघट रतलाम के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन की कार्यकारिणी में मंदसौर स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष अजय सोनी कॉलोनाईजर, जिला सराफा एसोसिऐशन के जिला उपाध्यक्ष अजय बाकलीवाल, जिला सराफा एसोसिऐशन के पूर्व सचिव उमेश पारीख, स्वर्णकार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सोनी मेलखेड़ावाला, पूर्व नगर पंचायत शामगढ के अध्यक्ष अर्जुन सोनी शामगढ को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

जिले के पांचों व्यापारियों के प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत होने पर नरेन्द्र मेहता, कारूलाल सोनी, अनिल जैन, अर्जुन डाबर, अशोकफिटिंग, राजेन्द्र जैन, अजय चौधरी, सुनील चौरडिया, विवेक जैन, शैलेष मोदी, गोपाल सोनी धुंधड़कावाला, नागेश्वरलाल सोनी, रितेश भगत, दीपक गोठवाल, प्रदीप मिण्डा, आशीष उकावत, महेन्द्र मिण्डा, विजय सोनी मेलखेड़वाला, मनोहरलाल सोनी जावद वाला, विमल सोनी नेताजी, विनोद सोनी एसएसएन, जगदीश रठानावाला, हेमंत सोनी, रमेश सोनी, भवानीशंकर सोनी, रामचन्द्र सोनी, हेमंत मेहता, प्रवीण उकावत, मुकेश सोनी, विशाल सोनी, रवि सोनी, सुनील सोनी, दीपक सोनी सहित जिले के सभी सराफा व्यापारियों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है एवं वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारियों का आभार माना।



## मेघनानी परिवार ने शैक्षणिक सामग्री वितरीत की

**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मेघनानी परिवार हमेशा से सामाजिक और धार्मिक कार्यो में अपनी उपस्थिति के साथ सेवाएं देता आया है। इसके साथ ही जरुरतमंद लोगों की हर संभव मदद के लिए भी मेघनानी परिवार के सदस्य हमेशा तत्पर रहते हैं। सेवा के क्षेत्र में अपनी सहभागिता के इस क्रम को जारी रखते हुए मेघनानी परिवार ने इस बार सरकारी स्कूल में पहुंचकर बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की। मेघनानी परिवार के श्रीमती बबीता मेघनानी, हितेश मेघनानी, पूजा मेघनानी और निलेश मेघनानी चंबल कॉलोनी स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल पहुंचे। यहां स्कूल के बच्चों को कॉपियां-किताबों, पेन सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की। परिवार के सदस्यों ने कहा कि छात्र देश का भविष्य है। कोई भी छात्र आने वाले समय में देश के लिए किसी भी क्षेत्र में विशेष योगदान दे सकता है। ऐसे में अगर विद्या अध्ययन के लिए आवश्यक सामग्री का अभाव उसकी पढ़ाई में रोडा बनता है तो यह गलत होगा। यहीं कारण है कि मेघनानी परिवार द्वारा बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि सेवा का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से किरणेंद्र ठोरा, मंजुलता रायवाल, रचना वर्मा, सरिता व्यास ओर मंजू जैन भी उपस्थित थे।

## पिपलिया पुलिस ने स्कूलों में चलाया नशा मुक्ति को लेकर जागरुकता अभियान

**पिपलियामंडी, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय पुलिस चौकी ने नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरुकता अभियान चलाया। जिसमें चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने शारदा स्कूल व एमपी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए नशीले पदार्थों के दुरुपयोग, उनके दुष्परिणाम तथा नशे की लत के प्रारंभिक लक्षणों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि इसका सामाजिक और पारिवारिक जीवन पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई तथा भविष्य में समाज को नशा मुक्त बनाने में सहयोग देने का आव्हान किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं छात्रों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की और ऐसे जागरूकता अभियानों को समय-समय पर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# हिसार में वाल्मीकि समाज परिवार पर हुई पुलिस की बर्बरता पूर्ण कार्यवाही की सीबीआई जांच हो

**वाल्मीकि समाज ने ज्ञापन देकर दर्ज कराया आक्रोश, न्याय नहीं मिला तो होगा आंदोलन**



**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** वाल्मीकि समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मानवाधिकार आयोग और हरियाणा मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर प्रतिनिधि तहसीलदार को ज्ञापन देकर हरियाणा राज्य के हिसार में गणेश वाल्मिकी के जन्मदिवस पर डीजे बंद कराने के लिए हिसार पुलिस अधिकारियों द्वारा बर्बरता पूर्ण कार्यवाही के दौरान उसकी छत से गिरने से मौत हो गई जिसकी सीबीआई द्वारा जांच कराने एवं दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की गई।

दिये गये ज्ञापन में कहा कि 7 जुलाई 2025 को गणेश वाल्मिकी 12 क्वार्टर एरिया हिसार राज्य हरियाणा में अपने घर पर जन्मदिवस मना रहा था तभी हिसार राज्य हरियाणा के कुछ पुलिस अधिकारी आए और स्पीकर बंद करवाने को कहा उन्होंने शराब पी रखी थी और अभद्र भाषा से प्रताड़ित किया और घर में घुस गए निर्दयता से महिलाओं पर बुरी तरह से लाठिया भी मारी जिसकी वीडियो भी वायरल हुई है। ज्ञापन का वाचन वीर मातादीन अम्बेडकर सेना के संस्थापक विनोद खैरालिया ने करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को पीड़ित परिवार को जल्द ही न्याय नहीं मिला तो पुरे देश में आंदोलन किये जाएंगे। इस अवसर पर सकल वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष राजाराम तंवर, अपाक्स संगठन की सफाई प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष हेमा कन्डारे, नगर अध्यक्ष जया डागर, पारस जादू, कला सोनवाल, निता तंवर, गुड्डी कोटीयाना, वीर मातादीन अम्बेडकर सेना के संरक्षक पवन दलोर, मंगल कोटीयाना, उपाध्यक्ष मनोहर फतरोड, विनोद छपरी, भेरू बारवासीया, विजेंद्र चनाल, रणजीत कल्याणे, विक्रम तंवर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



## दशपुर विद्यालय के छात्र ने जीता सिल्वर मेडल

**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन मंदसौर एवं फिट इंडिया के बेनर तले पांचवीं स्टेट कराटे चेम्पियनशिप में 14 आयु वर्ग में दशपुर विद्यालय के कक्षा आठवीं के छात्र विराज ग्वाला ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता दिनांक 11 जुलाई से 13 जुलाई तक कौशल्या सागर रिसोर्ट में आयोजित की गई थी। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ,प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस ,उप प्राचार्य श्री शैलेन्द्र पुरोहित,सुपरवाइजर श्री हाकिमप्रसाद शर्मा एवं खेल प्रशिक्षक श्री जयविजय सिंह सिसोदिया,श्री देवेंद्र बैरागी, श्री आकाश गाजवा, श्री नवीन खोखर, श्री कुणाल शर्मा, श्री भारत सिंह एवं श्री अंकुर त्रिपाठी ने बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेद चिकित्सा जांच शिविर आज

**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा जांच शिविर मधुसूदन आर्य कार्यालय यूटीआई पैन सर्विस सेंटर 46 गौतम नगर रोड नंबर 1 कालाखेत मंदसौर पर आयोजित होगा। इस शिविर में वैद्य ओमप्रकाश देवासी व थैरेपिस्ट अर्जुन कटारिया अपनी सेवाएं देंगे। आज 18 जुलाई को यह शिविर सुबह 10 से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा।

उक्त जानकारी देते हुए मधुसूदन आर्य ने बताया कि इस शिविर में क्वांटम बॉडी एनालाइजर जापानी मशीन से पूरे शरीर की जांच करके इन सभी बीमारियों का जैसे दमा बीपी शुगर थायराइड माइग्रेन, बालों का झड़ना, चर्म रोग चेहरे पर कील मुंहासे, मासिक धर्म की अनियमितता बांझपन आदि सभी बीमारियों का इलाज किया जाएगा।



## स्वच्छ सर्वेक्षण में निकाय ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नारायणगढ़, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत दिनाँक 17-07-2025 को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग जारी की गई। इस बार सर्वेक्षण 12500 अंकों का था जिसमें से निकाय ने 9576 अंक प्राप्त कर अपना उत्कृष्टप्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 100वाँ स्थान एवं प्रदेश स्तर पर 84वाँ स्थान एवं जिले स्तर पर 5वाँ स्थान प्राप्त किया गया। साथ ही निकाय ने अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम बार गार्बेज फ्री सिटी अंतर्गत 1 स्टार व ODF ++ प्रमाणीकरण प्रमाण पत्र अर्जित किया गया. इस मोके पर नगर परिषद अध्यक्ष महोदय श्रीमती ममता कुँवर जयराज सिंह चौहान, उपाध्यक्ष वीरेंद्र रूपरा, एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद जैन के द्वारा सफाई मित्रों को श्रीफल एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया. साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूक नगर को जनता के प्रति आभार प्रकट किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 22 | 2250 | 2380 |
| उडद | 4 | 4500 | 5500 |
| सोयाबीन | 7800 | 3350 | 4310 |
| गैहु | 7500 | 2550 | 2950 |
| चना | 165 | 5100 | 5800 |
| मसुर | 70 | 5850 | 7062 |
| धनिया | 189 | 5000 | 7301 |
| लहसुन | 16500 | 2420 | 8250 |
| मैथी | 588 | 3682 | 6041 |
| मुंगफली | 773 | 4000 | 5300 |
| अलसी | 1486 | 6681 | 7350 |
| सरसो | 320 | 6350 | 7041 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 49 | 6500 | 10999 |
| प्याज | 4200 | 350 | 1210 |
| कलोंजी | 9 | 19240 | 20580 |
| तुलसी बीज | 4 | 12100 | 13120 |
| डॉलर | 21 | 6350 | 8970 |
| तिल्ली | 330 | 6501 | 9301 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 3 | 3001 | 3381 |
| असालीया | 10 | 4301 | 6531 |
| चियाबीज | 44 | 13000 | 17250 |

## मृत गोवंश को निस्तारण करने हेतु मंदसौर में उचित स्थान पर भूमि आवंटन करे

**मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण मन्दसौर को पत्र लिखकर मृत गोवंश एवं अन्य जानवरों के सम्मानजनक निस्तारण हेतु भूमि आवंटन करने की मांग की।

श्री परिहार ने कहा कि वर्तमान में हमारे क्षेत्र में मृत गोवंश एवं अन्य जानवरों के निस्तारण हेतु नगरपालिका परिषद के पास कोई निर्धारित एवं सुरक्षित भूमि उपलब्ध नहीं है। इसके अभाव में मृत जानवरों के अवशेष खुले में विशेषकर खिड़की माता मंदिर के आसपास एवं शिवना नदी में फेंके जा रहे हैं। यह न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करता है बल्कि स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए भी गंभीर समस्या उत्पन्न कर रहा है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि सबसे अधिक मृत गोवंश गौशालाओं से ही वहां पहुंच रहा है। गौ माता के मृत होने पर भी सम्मानपूर्वक निस्तारण किया जाना अत्यंत आवश्यक है जिस प्रकार मनुष्यों के लिए शमशान की व्यवस्था होती है। उसी प्रकार मृत गोवंश एवं अन्य जानवरों के लिए भी सुरक्षित एवं सम्मानजनक निस्तारण स्थल का होना आवश्यक है। श्री परिहार ने मांग की कि जिला प्रशासन द्वारा नगरपालिका परिषद को इस कार्य हेतु शीघ्रातिशीघ्र नगर सीमा से बाहर सुरक्षित दूरी पर एक उपयुक्त भूमि आवंटित की जाए। साथ ही वहां बाउंड्री वॉल गेट एवं निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे इस स्थल का दुरुपयोग न हो और मृत जानवरों के अवशेष खुले में या नदी में फेंकने जैसी घटनाओं पर पूर्णतया रोक लग सके। विश्वास है कि वह इस गंभीर एवं संवेदनशील विषय पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

# सभी नगरीय निकाय अवैध कॉलोनियों पर तत्काल कार्यवाही करें-चंद्रा

**सभी बड़े नगरीय प्रोजेक्टो को समय सीमा में पूर्ण करवाएं, झुग्गी बस्तियों में नाली एवं सी.सी.के प्रस्ताव प्रस्तुत करें**

**नीमच, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी नगरीय निकाय अपने क्षेत्र में कोई भी अवैध कॉलोनी बगैर अनुमति के विकसित ना होने दें। यदि किसी नगरीय निकाय में अवैध कॉलोनियाँ विकसित होती है, तो संबंधित पर तत्काल कार्यवाही करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के सभी नगरीय निकायों में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यो की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक में गुरूवार को सभी सीएमओ को दिए। बैठक में जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री चंद्रसिह धार्वे, नीमच नगरपालिका सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया सहित सभी नगरीय निकायों के सीएमओ एवं उपयंत्री उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने नगरीय निकायवार उपलब्ध आश्रय निधि की जानकारी ली और सभी संबंधित सीएमओ को निर्देश दिए, कि वे आश्रय निधि से क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों, स्लम एरिया में अधोसंरचना विकास, सड़क एवं नाली निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर, 15 दिवस में स्वीकृति के लिए प्रस्तुत करें।

कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यो की प्रगति एवं पूर्णता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए, कि जिले के सभी सीएमओ आगामी एक माह में जिले में 350 प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा, कि स्वी कृति के उपरांत भी जिन हितग्राहियों द्वारा लंबे समय से आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया है, पूर्ण नहीं किया है, उनके विरूद्ध आरआरसी की कार्यवाही की जाए। ऐसे हितग्राही जो आवास निर्माण करना नहीं चाहते है, उनके आवास समर्पण की कार्यवाही की जाए। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकाय वार मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास के कार्यो, कायाकल्प 2.0 के निर्माण कार्यो के प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी सीएमओ को नगरीय निकायों के करों की वसूली की समीक्षा में निर्देश दिए, कि सभी निकाय 100-100 बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर, उनसे प्राथमिकता से बकाया राशि वसूल करें। उन्हो ने प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 के तहत जिले में प्राप्त कुल 3199 हितग्राहियों के आवेदनों का सत्यापन कार्य पूर्ण कर, 7 दिवस में पात्र हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य की स्वीकृति जारी करवाने के निर्देश दिए।


**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**
गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 16.07.2025

*****जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुकंदीलाल पिता ईश्वरलाल जाति-पाटीदार निवासी ग्राम जेतपुरा तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय मकान जो भूमि सर्वेक्षण संख्यांक 112 (बी), भूखण्ड क्रमांक 110 (पी) ग्राम जेतपुरा गाईड लाईन अनुसार प.ह.नं. 00085, तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर में स्थित है, जिसका सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक-MP15IGR17852025A100607228 दिनांक 14.07.2025 से पत्नि श्रीमती ममता पति मुकंदीलाल जाति-पाटीदार, निवासी ग्राम जेतपुरा तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर को अपना सहस्वामी बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा-पूर्व में-घनश्याम पिता कंवरलाल का मकान, पश्चिम में-आम रास्ता, उत्तर में -आम रास्ता, दक्षिण में-सालीगराम पिता ईश्वरलाल का मकान, कुल क्षेत्रफल 60 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर मुकंदीलाल पिता ईश्वरलाल द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर



**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**
गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 17.07.2025

*****जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नागुगिर पिता शिवगिर जाति-गोस्वामी निवासी ग्राम कल्याणपुरा तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय मकान जो भूमि सर्वेक्षण संख्यांक 661 (बी), भूखण्ड क्रमांक 199 (पी) ग्राम कल्याणपुरा गाईड लाईन अनुसार प.ह.नं. 41. तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर में स्थित है, जिसका सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक-MP15IGR17872025A100617330 दिनांक 16.07.2025 से पत्नि श्रीमती पुन्नीबाई पति नागुगिर जाति-गोस्वामी निवासी ग्राम कल्याणपुरा तहसील सीतामऊजिला मंदसौर को अपना सहस्वामी बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा-पूर्व में-ईश्वरसिंह व अंतरसिंह पिता रायसिंह का मकान, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-रास्ता, दक्षिण में-प्रभु पिता भेरू गिर की खाली भूमि, कुल क्षेत्रफल 162.6 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर नागुगिर पिता शिवगिर द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर



**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**
गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 17.07.2025

*****जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शंकरलाल पिता रामलाल अहिरवार निवासी ग्राम माल्याखेरखेड़ा तहसील व जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय मकान जो भूमि सर्वेक्षण संख्यांक 237 (बी), भूखण्ड क्रमांक 814 (पी) ग्राम माल्याखेरखेडा गाईड लाईन अनुसार प.ह.नं. 00098, तहसील व जिला मंदसौर में स्थित है, जिसका सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक-MP15IGR17852025A100430227 दिनांक 05.06.2025 से पत्नि श्रीमती शांतिबाई पति शंकरलाल अहिरवार निवासी ग्राम माल्याखेरखेडा तहसील व जिला मंदसौर को अपना सहस्वामी बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा-पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-स्वयं की भूमि, दक्षिण में-स्वयं की भूमि, कुल क्षेत्रफल - 196 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर शंकरलाल पिता रामलाल अहिरवार द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर



**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**
गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 17.07.2025

*****जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विजयसिंह पिता गणपत जाति-आंजना निवासी ग्राम राजाखेडी तहसील सीतामऊजिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय मकान जो भूमि सर्वेक्षण संख्यांक 256 (बी), भूखण्ड क्रमांक 88 (पी) व भूखण्ड क्रमांक 89 (पी) ग्राम राजाखेडी गाईड लाईन अनुसार प.ह.नं. 00011, तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर में स्थित है। जिसका सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक-MP15IGR17872025A100609362 दिनांक 15.07.2025 से पत्नि श्रीमती अनुसुइया पति विजय सिंह जाति-आंजना, निवासी ग्राम राजाखेडी तहसील सीतामऊजिला मंदसौर को अपना सहस्वामी बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा- पूर्व में-परमानन्द शर्मा का मकान, पश्चिम में -नारायणसिंह का मकान, उत्तर में- गोपाल लोहार का मकान, दक्षिण में - आम रास्ता, कुल क्षेत्रफल 294 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर विजय सिंह पिता गणपत द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

# अतिथि शिक्षक : मोबाइल ऐप से नहीं लगाई अटेंडेंस तो लगेगी गैर हाजिरी

मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। शिक्षक और अतिथि शिक्षक (गेस्ट टीचर्स) की ई-अटेंडेंस व्यवस्था जुलाई के पहले 15 दिन में पूरी तरह फेल हो गई है। इसी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने अब सख्त कदम उठाया है। विभाग ने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 18 जुलाई से जो गेस्ट टीचर ई-अटेंडेंस अर्थात ऐप से अटेंडेंस नहीं लगाएंगे, उन्हें गैरहाजिर माना जाएगा और मानदेय (वेतन) नहीं दिया जाएगा। विभाग ने सभी जिलों के गेस्ट टीचर्स की ई-अटेंडेंस की रिपोर्ट भी जारी की है और निर्देश दिया है कि इस पर सख्ती से अमल कराया जाए।

'हमारे शिक्षक' ऐप से अनिवार्य की गई उपस्थिति–स्कूल शिक्षा विभाग ने इस शैक्षणिक सत्र से गेस्ट टीचर्स की अटेंडेंस मोबाइल ऐप हमारे शिक्षक के जरिए दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अब शिक्षक की उपस्थिति सिर्फ ऐप के माध्यम से ही मान्य मानी जाएगी। हालांकि, अभी तक कई गेस्ट टीचर्स इस आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। इस पर लोक शिक्षण आयुक्त ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि लगभग 80 प्रतिशत अतिथि शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की है, जो कि बहुत ही निराशाजनक है।

**ई-अटेंडेंस नहीं लगाई तो रुकेगा मानदेय**–विभाग ने साफ कहा है कि सभी गेस्ट टीचर्स को सूचना दी जाए कि अगर वे हमारे शिक्षक ऐप से अटेंडेंस दर्ज नहीं करते हैं, तो उन्हें गैरहाजिर माना जाएगा और उनका मानदेय नहीं मिलेगा। यह ई-अटेंडेंस की व्यवस्था 01 जुलाई 2025 से शुरू की गई है। लेकिन, पहले 15 दिन की समीक्षा में सामने आया कि 80 प्रतिशत से ज्यादा गेस्ट टीचर्स ने ऐप से अटेंडेंस नहीं लगाई है।

### एलान : जब तक अवकाश की सुविधा नहीं मिलेगी, नहीं लगाएंगे ई-अटेंडेंस...

अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुनील परिहार ने स्कूल शिक्षा विभाग की ई-अटेंडेंस अनिवार्यता पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले 17 सालों में अतिथि शिक्षकों को एक भी अवकाश की सुविधा नहीं दी गई है। जबकि, अतिथि विद्वानों को यह सुविधा उपलब्ध है।

**इनका कहना**–शिक्षण कार्य में पारदर्शिता के लिए ई अटेंडेंस व्यवस्था की गई है। हर शिक्षक के लिए एप से उपस्थति अनिवार्य की गई है। अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति अब पूरी तरह से ई अटेंडेंस आधारित होगी। इसके आधार पर ही उनका मानदेय जारी किया जाएगा। डीईओ, संकुल प्राचार्यो को निर्देशित किया है इसका पालन हर शिक्षक से कराएं।

**केके द्विवेदी, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय**



# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में मनासा को नेशनल स्तर पर छठां स्थान

**नप में सम्मान समारोह सम्पन्न, स्वच्छता नोडल, कंसलटेंसी, दरोगा, जमादार एवं सफाई मित्रों का किया सम्मान**

मनासा, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। **केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का परिणाम गुरूवार को घोषित किए गए। इसमें मनासा नगर परिषद को स्टार रेटिंग मे 3 स्टार मिला। मंदसौर, नीमच, रतलाम जिले की एक मात्र मनासा निकाय को ही 3 स्टार रेटिंग मिली है। ओडीएफ प्लस प्लस में भी निकाय पास हो गई है। इस महत्ती उपलब्धी पर नगर परिषद में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी, उपाध्यक्ष किशोर जोलान्या एवं पार्षदगण की उपथिति में स्वच्छता नोडल, कंसलटेंसी, दरोगा, जमादार और सफाई मित्रों का सम्मान किया गया।**

मनासा शहर ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024.25 में राष्ट्रीय स्तर पर 1585 शहरों में से रैंक 06 प्राप्त की और मध्य प्रदेश राज्य स्तर पर 110 शहरों में से रैंक 17 प्राप्त की नीमच जिले मे दूसरा स्थान एवं 20 से 50 हजार की आबादी वाले शहर मे जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शुक्रवार को नगर परिषद अध्यक्ष डॉ सिमा तिवारी, उपाध्यक्ष किशोर जोलान्या, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर अजय तिवारी, स्वच्छता सभापति राजू माली, पार्षद प्रवीण जोनवाल, पार्षद प्रतिनिधि बंटी सहगल, सचिन राठौर, आदि की उपस्थिति में परिषद सभाकक्ष में स्वच्छता रैकिंग में सफलता दिलाने वाले अधिकारी, कर्मचारी और सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। तत्कालिन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश व्यास, स्वच्छता नोडल लोकेंद्र साधू, दरोगा दिनेश राठौर, कंसलटेंसी संचालक कमलेश कारपेंटर, जमादार अश्विन दुर्गज, धीरज धवन, दिलीप दुर्गज, कम्प्यूटर ऑपरेटर सतीश भेरवा और स्वच्छता के 7 सुपर हिरो का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद प्रभारी सीएमओ मनोज राठौर, सुरेंद्र श्रीवास्तव, दिलीप रैकवार, दिनेश चौहान सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**नीमच, मंदसौर, रतलाम जिले मे एक मात्र निकाय**–मनासा नगर परिषद को स्टार रेटिंग मे 3 स्टार मिला। मंदसौर, नीमच, रतलाम जिले की एक मात्र मनासा निकाय को ही 3 स्टार रेटिंग मिली है। यह मनासा नगर परिषद के गौरव का विषय है। अन्य निकाय को 1 स्टार मिला है। ओडीएफ प्लस प्लस में भी निकाय पास हो गई है। डॉ. सीमा अजय तिवारी ने बताया शीर्ष पर पहुचना कला नही बने रहना है। आज सफाई मित्रों की कडी मेहनत और सभी के सहयोग से यह उपलब्धी मिली है। यह हमेशा बनी रहे। स्वच्छता की इस उपलब्धी को बनाए रखने के लिए नगर परिषद डिवाइडर की सफाई हेतु मशीन, कचरा सेग्रीकेशन हेतु मशीन की भी व्यवस्था करने जा रही है। ट्रेचिंग ग्राउंड की मशीने भी जल्द शुरू होगी।

# सांदीपनि विद्यालय साबाखेड़ा में विद्यार्थियों को दिलाई नशा नहीं करने की शपथ



मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। नशा मुक्ति अभियान के तहत शासकीय सांदीपनि विद्यालय साबाखेड़ा में मंदसौर जिला पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद एवं वाई डी नगर थाना प्रभारी श्री संदीप मंगोलिया ने शाला में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा करने से क्या हानि होती है उसकी विस्तृत जानकारी दी और सभी को किसी प्रकार का नशा नहीं करने की शपथ दिलाई।

एसपी श्री आनंद ने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया पर भी सतर्क रहने एवं किसी भी प्रकार के अनजाने नंबर या लिंक को मोबाइल में नहीं खोलने की सलाह दी और अगर आपको कोई अनजाने नंबर से परेशान करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की सलाह दी। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य दिलीप सिंह डाबी ने स्वागत भाषण दिया एवं विद्यालय की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक रतन लाल चौहान ने किया एवं आभार वरिष्ठशिक्षक श्री विनीत अग्रवाल ने माना।

## रुपए नही दिए तो बाउंड्रीवाल तोड़ी, केस दर्ज

पिपलियामंडी, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। रुपए नही देने पर खेत की बाउंड्रीवाल तोड़ने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। जमलावदा (छोटीसादडी) निवासी सुनील शर्मा ने पिपलियामंडी थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पिपलियामंडी बायपास मार्ग पर मैंने खेत की बाउंड्रीवाल करवा दी। सुबह गया तो वहां ललित शर्मा ने कहा 2 लाख रुपए दो नही तो बाउंड्रीवाल तोड़ दूंगा। रुपए नही दिए तो बाउंड्रीवाल में तोड़फोड़ की। पुलिस ने ललित पर केस दर्ज किया।



## पंच-ज योजना के अंतर्गत किया पौधारोपण

मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर की दिशा में एक सार्थक पहल करते हुए, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर द्वारा पंच ज योजना के अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कपिल मेहता द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीशगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। वृक्षारोपण के दौरान जाम, आंवला एवं अन्य छायादार एवं औषधीय महत्व की प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। यह आयोजन पर्यावरणीय असंतुलन की बढ़ती चुनौतियों के समाधान हेतु एक प्रभावशाली कदम रहा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और स्वच्छता की सौगात सुनिश्चित करेगा। न्यायाधीशगण ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजनों की नियमितता पर बल देते हुए जनसामान्य को भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया।

# महाविद्यालय में ड्रेस कोड अनिवार्य

मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने जानकारी देते हुऐ बताया कि महाविद्यालय में नव प्रविष्ट तथा द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के समस्त नियमित विद्यार्थियों हेतु दिनांक 01 जुलाई 2025 से महाविद्यालय में ड्रेस कोड लागू हो गया है। छात्रों के लिये स्लेटी कलर की पैंट व सफेद रंग की शर्ट तथा छात्राओं के लिये स्लेटी रंग की सलवार तथा सफेद रंग की कुर्ती, स्लेटी रंग का दुपट्टा निर्धारित है। प्रत्येक नियमित विद्यार्थी को महाविद्यालय के पृथक-पृथक संकायों से अपना फीस कार्ड एवं गले में पहनने के लिये परिचय पत्र प्राप्त करना आवश्यक है। परिचय पत्र में विद्यार्थी निर्धारित स्थान पर अपना फोटो लगाकर, समस्त कालम की पूर्ति कर अपना हस्ताक्षर करेंगे तथा महाविद्यालय के वाग्देवी कक्ष में 11.00 - 2.00 बजे तक प्राक्टोरियल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर उनके हस्ताक्षर व सील लगवायें गे। यह व्यवस्था महाविद्यालय में लागू हो गई है। कुछ विद्यार्थी जिन्होंने ड्रेस नहीं बनवाई है, शीघ्र बनवा लें अन्यथा 01 अगस्त से परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित होगा। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने अभिभावकों से अपेक्षा की है कि वे अपने बच्चों को महाविद्यालय भेजने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि परिचय पत्र के साथ बालक/बालिका निर्धारित ड्रेस में महाविद्यालय के लिए प्रस्थान कर रहा है।

## नपा ने गौवंश पकड़े

मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती अनिता चाकोटिया ने बताया कि नगरपालिका परिषद के द्वारा सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं जिनके कारण नगर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है उन्हें पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। गुरूवार एवं बुधवार को दो दिवस की अवधि में श्री कोल्ड चौराहा, रामटेकरी चौराहा, महाराणा प्रताप तिराहा, गुप्ता कचोरी चौराहा, बीपीएल चौराहा आदि क्षेत्रों से नपा ने 10 गौवंश को पकड़कर गौशाला में भिजवाया गया। नपा परिषद नगर के पशुपालकों से आग्रह करती है कि वे अपने पशुओं विशेषकर गौवंश को अपने बाड़े में ही रखे उन्हें विचरण करने हेतु सड़कों पर नहीं छोड़े अन्यथा गौपालकों के विरूद्ध भी कार्यवाही होगी।

## जिले में अब तक 269.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 269.0मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 25.1मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 0मि.मी., सीतामऊ में 0मि.मी.,सुवासरा में 10.0मि.मी., गरोठ में 24.2मि.मी., भानपुरा में 215.4मि.मी., मल्हारगढ़ मे 1.0मि.मी., धुधंड़का में0मि.मी., शामगढ़ में0मि.मी., संजीत में 0मि.मी., कयामपुर में 26.0मि.मी. एवं भावगढ़ में 0मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

# किसान पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजनांतर्गत प्रोसेसिंग इकाई निर्माण हेतु लोन प्राप्त करें

मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। उद्यानिकी विभाग के उप संचालक श्री सोलंकी ने बताया कि उद्यमियों हितग्राहियों को आर्थिक सहायता, तकनीकि एवं व्यवसाय में सहायता प्रदान करने - तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों के उन्नयन हेतु उद्यानिकी विभाग द्वारा जिलें मे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना संचालित है। योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये जिलें में लहसुन एवं अन्य प्रोसेसिंग इकाई निर्माण हेतु लक्ष्य निर्धारित किये गये है, जिसमें लागत का 35% या अधिकतम 10 लाख रूपये अनुदान का वित्तीय प्रावधान है तथा एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड योजनान्तर्गत प्राईमरी प्रोसेसिंग इकाई स्थापित करने पर 03 प्रतिशत व्याज ऋण पर अनुदान शासन द्वारा दिये जाने का प्रावधान है।

योजनान्तर्गत लहसुन प्रसंस्करण उत्पाद जैसे गार्लिक पिलिंग, गार्लिक पेस्ट, पावडर, फ्लेक्स, अचार, चटनी तथा अन्य प्रसंस्करण उत्पाद जैसे सभी प्रकार के मसालें, आटा चक्की, धनिया पावडर, आलु चिप्स, संतरा ज्यूस, हल्दी पावडर, मिर्च पावडर, आंवला अचार, मुरख्या, अमरूद जैम, जैली तथा अन्य सभी प्रकार के प्रसंस्करण उत्पाद आईल मील, दाल मिल, डेयरी उत्पादों से संबंधित इकाईयों की स्थापना हेतु आवेदन किये जा सकते है। उक्त योजना अंतर्गत व्यक्तिगत इकाई एवं समूह आधारित इकाईयो के निर्माण हेतु वेबसाईट https://pmfme.mofpi.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन किये जा सकतें है। योजनान्तर्गत पंजीयन संबंधी जानकारी हेतु उद्यमी हितग्राही जिलें के विकासखण्डो में पदस्थ विकासखण्ड अधिकारियों से संपर्क कर सकतें है।



## वैष्णव सेवा संघ कोर कमेटी के कार्यों को राष्ट्रीय बैठक में मिला सम्मान

मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। वैष्णव सेवा संघ कोर कमेटी मंदसौर द्वारा समाज हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को लेकर रायपुर में आयोजित अ भा वैष्णव संगठन की राष्ट्रीय बैठक में सेवा संघ के जिलाध्यक्ष महेश कुमार वैष्णव का सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि वैष्णव सेवा संघ कोर कमेटी मंदसौर द्वारा सेवा कार्य जिसमें प्रतिभा सम्मान, समाज में वार्षिक कैलेंडर 2025 का नि:शुल्क वितरण, मन्दसौर जिले में समाज की जनगणना, समाज के पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद, एक पौधा मां के नाम आदि ऐसे मंदसौर टीम के कार्य को सराहा गया, जिसको लेकर मंदसौर टीम को सम्मान मिला। यह सम्मान अ. भा. वैष्णव सेवा संघ की राष्ट्रीय बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णुदत्त, मध्यप्रदेश अध्यक्ष पी एल बैरागी ओर देश भर से शामिल हुए राष्ट्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

## निरंकारी इंग्लिश मीडियम जोन स्तरीय संत समागम नीमच में 20 को

मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। संत निरंकारी मंडल दिल्ली जोन उज्जैन का निरंकारी इंग्लिश मीडियम जोन स्तरीय संत समागम 20 जुलाई, रविवार कों नीमच मे मालखेड़ा रोड के पास संत निरंकारी सतसंग भवन मे आयोजित होगा समय सुबह 11 से दोप. 2 बजे तक रखा गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुग्राम हरियाणा के महात्मा श्री पंकज पोपली करेंगे ।उज्जैन जोन के ज़ोनल इंचार्ज श्री राजकुमार गनवानी ने उज्जैन जोन की सभी ब्रांचो के संतो से विनती की है अधिक से अधिक संख्या मे पहुंच कर सतगुरु का आशीर्वाद प्राप्त करे। यह जानकारी शीतलदास कोतक ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

# परंपरागत मार्ग से निकलेगी शाही सवारी

**प्रात: कालीन आरती मंडल के सदस्यों की मांग पर पूर्व विधायक सिसौदिया ने की पुलिस अधीक्षक से चर्चा**

मंदसौर, 17 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। पवित्र श्रावण मास में मंदसौर नगर में आस्था और उत्साह के साथ प्रात: कालीन आरती मंडल के तत्वावधान में निकलने वाली भव्य शाही सवारी अपने परंपरागत मार्ग से ही निकाली जाएगी। यात्रा मार्ग के बदलाव की अटकलों के बीच प्रात: कालीन आरती मंडल पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसौदिया को अवगत करवाया था। श्री सिसौदिया ने पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद से चर्चा की और कहा कि शाही सवारी मंदसौर अंचल की आस्था का एक पर्व बना है। इस आयोजन में भक्तों की बड़ी संख्या में सहभागिता होती है। स्वयं शासन, प्रशासन सहभागी बनता है। यात्रा मार्ग मंदसौर नगर में परंपरागत रूप ले चुका है। इसे बदला नहीं जाना चाहिए!



एसपी श्री आनंद ने इस सुझाव पर सहमति देते हुए श्री सिसौदिया को आश्वस्त किया कि शाही सवारी के परंपरागत मार्ग को नहीं बदला जाएगा। प्रात: कालीन आरती मंडल के पदाधिकारियों ने अवगत करवाया कि तत्काल चर्चा और निराकरण हेतु हम पूर्व विधायक श्री सिसौदिया और पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद के प्रति आभार प्रकट करते हैं। मंदसौर नगर में भव्य शाही सवारी में सभी भक्तों से सहभागिता की अपील करते हैं।

## शिक्षक की शर्मनाक हरकत:भारत... पेज 1 से जारी

में कुल 69 विद्यार्थी और 3 माध्यमिक शिक्षक हैं। माध्यमिक शिक्षक शकील अहमद नागौरी को अमर्यादित कार्य करने, अपने दायित्वों के निर्वहन नही करने पर निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका कार्यक्षेत्र मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड-उज्जैन रहेगा। नियमानुसार इन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।


**मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी आवास निगम**
**विंध्याचल भवन, भोपाल (म.प्र.)-462004**

***** आम-सूचना *****

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी आवास निगम की ग्राम भुन्याखेड़ी जिला मंदसौर, आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 62 आकार 90.00 वर्गमीटर निगम द्वारा श्री गणपत सिंह राठौर पिता स्व.श्री शांतीलाल राठौर के नाम पर नामांतरित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 24.08.2012 को पंजीकृत है। श्री गणपत सिंह राठौर पिता स्व.श्री शांतीलाल राठौर द्वारा उक्त संपत्ति श्री निर्भय सिंह राजपूत पिता श्री शंभुसिंह राजपूत एवं श्रीमती विष्णुकुंवर राजपूत पति श्री पप्पूसिंह राजपूत को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 05.01.2013 को पंजीकृत है। उसके पश्चात् श्री निर्भय सिंह राजपूत पिता श्री शंभुसिंह राजपूत एवं श्रीमती विष्णुकुंवर राजपूत पति श्री पप्पू सिंह राजपूत द्वारा मुख्त्यार आम श्री विरेन्द्र सिंह गौड़ पिता श्री राजेन्द्र सिंह गौड़ द्वारा उक्त संपत्ति श्री सत्यनारायण राठौर पिता श्री वर्दीचंद राठौर को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30.01.2014 को पंजीकृत है।

क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त संपत्ति श्री सत्यनारायण राठौर पिता श्री वर्दीचंद राठौर के नाम पर हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं निगम नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कर्मचारी आवास निगम, भोपाल



**Nikhil Ch. Pramanik**
B.Com, L.L.B. (Hons.) ADVOCATE
Mail ID: nikhil. pramanik@gmail.com
Office: 20/1, 1 Floor, Sikh Mohalla, 102, Jr. MIG (Chhoti Bhamori), Opp. Anop Talkies, INDORE (MP)
Mob.: 93292 77315, 9329221355

***** जाहिर सूचना *****

**भुमि खसरा नं. 1369/9/10/1/1 (बटांकन के बाद सर्वे नं. 1369/9/10/1/1/1/1/2) रकबा 0.064 हे. ग्राम कस्बा सीतामऊ प.हं.नं. 23 नया नं. 38 तेहसील सीतामऊ जिला मन्दसौर के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार चोलामण्डलम इनवेस्टमेण्ट एण्ड फायनेन्स कम्पनी लि., इन्दौर से श्रीमती रूकमणीबाई पति श्री अशोक कुमार लोहार निवासी सीतामऊ तेहसील सीतामऊ जिला मन्दसौर ने उक्त सम्पत्ति की प्रतिभूति पर मेसर्स सुनिल एग्रो इन्डस्टीज के नाम से ऋण सुविधा प्रदत्त करने का अनुरोध किया है।

श्रीमती रुकमणबाई लोहार ने उक्त सम्पत्ति पंजीकृत विक्रय पत्र ई-रजिस्ट्री क्रमांक एम.पी. 2494120213अ1120930/दिनांक 04/02/2021 के द्वारा बापुलाल जाट पिता कारूलाल जाट से क्रय किया था एवं इसके पूर्व बापुलाल जाट ने पंजीकृत विक्रय पत्र ई-रजिस्ट्री कमांक एम.पी.249412020अ 1575970/दिनांक 15/09/2020 के द्वारा श्री कृष्णसिंह राजगुरू से क्रय की थी एवं इसके पूर्व के उक्त संपत्ति से संबंधित कोई भी पंजीकृत श्रृंखलाबद्ध दस्तावेज उपलब्ध नहीं है।

अतएव: उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, कंपनी आदि को किसी प्रकार की आपत्ति, हक, स्वत्व, विक्रय, दान, बंधक, अनुबंध, भार-बोझ आदि हो तो इस सूचना से 3 (तीन) दिन के अन्दर मय प्रमाण लिखित में मुझे सूचित करें अथवा सम्पर्क करें अन्यथा अवधि पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त संपत्ति की प्रतिभूति पर ऋण सुविधा प्रदत्त कर दिया जावेगा।

निखिल चन्द्र प्रामाणिक, एडवोकेट
20/1सिक्ख मोहल्ला, इन्दौर



**कार्यालय कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी, जिला-मंदसौर (म.प्र.)**

क्रमांक/कालोनी/2025/206 मंदसौर, दिनांक-11.07.2025

********* सार्वजनिक सूचना *********

**(म.प्र. नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 (3) के अंतर्गत)**

नगर परिषद नारायणगढ़ की सीमा में दिनांक 31.12.2022 के पूर्व अस्तित्व में आई अनाधिकृत कालोनियों को चिन्हित करने के लिए नियम 23(2) के अंतर्गत सूचना जारी की गई। नगर परिषद नारायणगढ़ की सीमा में निम्नलिखित अनधिकृत कालोनियां चिन्हित है जो दिनांक 31.12.2022 के पूर्व अस्तित्व में आई है इन अनाधिकृत कालोनी के रहवासियों एवं हितधारकों को इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि वे उक्त संबंध में अपने दावे/आपत्तियां इस सूचना प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा नगर परिषद कार्यालय में लिखित रुप से प्रस्तुत कर सकते है। जिनमें यथाचित विचार किया जावेगा। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावे/आपत्ति पर विचार योग्य नहीं होंगे।

| क्रं. | वार्ड क्रं. | अनाधिकृत कालोनी | भू-स्वामी का नाम | अनाधिकृत कालोनी की भूमि का विवरण कालोनी का रकबा (क्षेत्रफल) हेक्टर में | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ग्राम/कस्बा एवं पटवारी हल्का क्रं | खसरा क्रं. | रकबा (क्षेत्रफल) |
| 1 | 12 | कन्याशाला रोड नारायणगढ़ | उषा बेवा हेमंतकुमार अर्पित, अर्पिता, श्रेया पिता हेमन्त कुमार, अजय पिता प्रसन्नचंद्र जैन, शुभांक पिता मानसिंह माच्छोपुरिया, प्रकाशचंद्र पिता तेजमल जाति जैन पता-मल्हारगढ़ | नारायणगढ़ प.ह.नं. 11 | 1810 (S) | 0.7170 हे. |
| | | | उषा बेवा हेमंतकुमार अर्पित, अर्पिता, श्रेया पिता हेमन्त कुमार, अजय पिता प्रसन्नचंद्र जैन, शुभांक पिता मानसिंह माच्छोपुरिया, प्रकाशचंद्र पिता तेजमल जाति जैन पता-मल्हारगढ़ | नारायणगढ़ प.ह.नं. 11 | 1826/4/2/1 (S) | 0.378 हे. |
| | | | उषा बेवा हेमंतकुमार अर्पित, अर्पिता, श्रेया पिता हेमन्त कुमार, अजय पिता प्रसन्नचंद्र जैन, शुभांक पिता मानसिंह माच्छोपुरिया, प्रकाशचंद्र पिता तेजमल जाति जैन पता-मल्हारगढ़ | नारायणगढ़ प.ह.नं. 11 | 1827/1/1 (S) | 0.0170 हे. |
| | | | उषा बेवा हेमंतकुमार अर्पित, अर्पिता, श्रेया पिता हेमन्त कुमार, अजय पिता प्रसन्नचंद्र जैन, शुभांक पिता मानसिंह माच्छोपुरिया, प्रकाशचंद्र पिता तेजमल जाति जैन पता-मल्हारगढ़ | नारायणगढ़ प.ह.नं. 11 | 1828(S) | 0.0400 हे. |
| 2 | 9 | मुन्देड़ी रोड नारायणगढ़ | श्री अनिल कुमार पिता लक्ष्मीनारायण पाटीदार जाति कुलमी | नारायणगढ़ प.ह.नं. 11 | 1285/2/1 (S) | 0.063 हे. |
| | | | श्री अनिल कुमार पिता लक्ष्मीनारायण पाटीदार जाति कुलमी | नारायणगढ़ प.ह.नं. 11 | 1284/1/2 (S) | 0.034 हे. |
| | | | श्री अनिल कुमार पिता लक्ष्मीनारायण पाटीदार जाति कुलमी | नारायणगढ़ प.ह.नं. 11 | 1285/1/2 (S) | 0.081 हे. |
| 3 | 14 | पिपलियामंडी मनासा रोड | सविता पति गोपाल तेली | नारायणगढ़ प.ह.नं. 11 | 1631/4/1/1 (S) | 0.1530 हे. |
| | | | सविता पति गोपाल तेली | नारायणगढ़ प.ह.नं. 11 | 1631/4/1/2 (S) | 0.450 हे. |

उपरोक्त चिन्हित अनधिकृत कालोनियों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए सक्षम प्राधिकारी/नगर परिषद के कार्यालय में कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है। इस सूचना में निर्धारित समयावधि में सुझाव/आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में पात्र माना जावेगा कि उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है।

कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी
जिला-मंदसौर (म.प्र.)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in